## 25. परिवहन : सड़क, वायु, रेल

❑ 31 मार्च, 2020 को राजस्थान में सड़कों की कुल लंबाई थी- [JEN (Civil) Degree - 18.05.2022]

(1) 2,69,028.16 किमी. (2) 2,53,749.12 किमी.
(3) 2,60,280.13 किमी. (4) 2,81,235.11 किमी.

**Ans. (1)**

*व्याख्या -31 मार्च, 2024 तक सड़कों की लम्बाई 3,17,121 किमी. थी। राज्य में वर्ष 31 मार्च, 2024 में सड़कों की घनत्व प्रति 100 वर्ग किमी. पर 92.66 किमी. थी जबकि राष्ट्रीय औसत घनत्व 165.24 किमी. है।*

*स्रोत : आर्थिक समीक्षा 2024-25*

❑ मार्च, 2020 के अन्त में, राजस्थान राज्य में सड़कों का घनत्व था- [Asst. Testing Officer - 27.07.2021]
[राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-15.05.2022 (II)]

(1) 85.40 किमी. प्रति 100 वर्ग किमी.
(2) 78.61 किमी. प्रति 100 वर्ग किमी.
(3) 80.47 किमी. प्रति 100 वर्ग किमी.
(4) 90.53 किमी. प्रति 100 वर्ग किमी.

**Ans. (2)** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या वर्तमान संदर्भ में देखें।*

❑ हाल ही में, भारत के किस सैन्य स्टेशन ने प्लास्टिक कचरे का उपयोग करके सड़क बनाई, जो ऐसा करने वाला देश का दूसरा सैन्य स्टेशन बन गया? [Assist. Professor-8.9.2024]

(1) जोधपुर सैन्य स्टेशन (2) बीकानेर सैन्य स्टेशन
(3) उदयपुर सैन्य स्टेशन (4) जयपुर सैन्य स्टेशन

**Ans. (4)**

*व्याख्या -जयपुर सैन्य स्टेशन ने सगत सिंह रोड अंडर ब्रिज से लेकर क्यूब्स कॉर्नर कॉम्प्लेक्स तक 100 मीटर लम्बी सड़क बनाई।*

❑ आर्थिक सर्वेक्षण (2020-21) के अनुसार, 31 मार्च, 2020 तक राजस्थान में राज्य राजमार्ग कुल लम्बाई है लगभग - [JEN (Civil) Degree 12.09.2021]

(1) 15621.25 किमी. (2) 17520.30 किमी.
(3) 18200 किमी. (4) 16500 किमी.

**Ans. (1)**

*व्याख्या-आर्थिक समीक्षा 2024-25 के अनुसार राजस्थान में राज्य उच्च मार्गों (SH) की कुल लम्बाई 17376 किमी. है।*

❑ 31 मार्च, 2017 को राजस्थान राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग के अन्तर्गत कुल सड़कों की लम्बाई है- [AEN -16.12.2018]

(1) 7512 किमी. (2) 8202 किमी.
(3) 10608 किमी. (4) 14578 किमी.

**Ans. (2)***

*व्याख्या : 31 दिसम्बर 2024 तक राष्ट्रीय राजमार्गों की संख्या 53 है। उल्लेखनीय है कि सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार की वार्षिक रिपोर्ट 2024-25 में राजस्थान में राष्ट्रीय राजमार्ग की कुल लम्बाई 10733 किमी. है तथा राजस्थान आर्थिक समीक्षा 2024-25 में राजस्थान में राष्ट्रीय राजमार्गों की कुल लम्बाई 10790 किमी. है।*

❑ राजस्थान भू-क्षेत्र में लम्बाई की दृष्टि से राज्य से गुजरने वाले निम्नलिखित राष्ट्रीय राजमार्गों का सही आरोही क्रम है- [Patwar Main 24.12.16]

(1) राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 89–114–3–79
(2) राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 79–114–3–89
(3) राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 89–114–79–3
(4) राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 3–114–79–89

**Ans. (4)**

*व्याख्या - वर्तमान में राजस्थान में राष्ट्रीय राजमार्गों का आरोही (छोटे से बड़ा) क्रम-*

- *NH-919 5 किमी. (खैरथल-तिजारा)*
- *NH-148B 5 किमी. (कोटपूतली बहरोड़)*
- *NH - 168A 11.80 किमी. (जालौर)*

*वर्तमान में राजस्थान में राष्ट्रीय राजमार्गों का अवरोही (बड़े से छोटा) क्रम-*

- *NH - 52 - 793.55 किमी.* • *NH-11 -763.60 किमी.*
- *NH-62 - 726.57 किमी.*
- *NH-48 G.Q. - 709.91 किमी.*

❑ राजस्थान भू-क्षेत्र में सबसे छोटा राष्ट्रीय राजमार्ग है- [JEN (Diploma) Exam - 21.08.2016]
[पशुधन सहायक 04.6.2022][उद्योग प्रसार अधिकारी-22.08.2018]

(1) NH-71B (2) NH-79A (3) NH-11C (4) NH-3

**Ans. (1)**

*व्याख्या - NH - 71B (New No. : 919) (सबसे छोटा)*

- *खैरथल-तिजारा जिला - रेवाड़ी-धारूहेड़ा-पलवल*
- *राज्य में कुल लम्बाई (किमी.) - 5किमी.*

Scanned with OKEN Scanner

❒ **राजस्थान का सबसे छोटा राष्ट्रीय राजमार्ग किस स्थान को नहीं जोड़ता है?**[क. अनुदेशक(से.)-26.3.2019]
(1) रेवाड़ी (2) अलवर (3) धारुहेड़ा (4) मानेसर
**Ans.** (4) ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम (RSRTC) की स्थापना कब हुई**[जेल प्रहरी-2017][सूचना सहायक-12.5.2018]
[III Grade (Punj.) -28.02.2023] [JEN (Civil) Dip.-06.12.2020]
[पशु परिचर-1.12.2024 (S-II)][Lab Assist.(Science) -28.06.2022]
(1) 1964 में (2) 1970 में (3) 1968 में (4) 1966 में
**Ans.** (1)

***व्याख्या*** *- 1 अक्टूबर, 1964 को वैधानिक निकाय के रूप में स्थापित राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम का आदर्श वाक्य 'शुभास्ते पंथानः सन्तु' है। ज्ञातव्य है कि 1 अक्टूबर, 2021 से परिवहन विभाग का नाम परिवर्तित कर 'परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग' कर दिया गया है।*

❒ **राजस्थान के परिवहन विभाग का आदर्श वाक्य क्या है-** [JEN (यांत्रिकी) डिप्लोमा -13.12.2020]
(1) चरैवेति सुरक्षति (2) चरैवेति चरैवेति
(3) चलन्ति शीघ्रम (4) चरैवेति शीघ्रम
**Ans.** (2)

❒ **राजस्थान में 'ग्रामीण गौरव पथ योजना' का शुभारम्भ किस वर्ष में हुआ था-**[JEN (विद्युत) डिग्री-29.11.2020]
(1) 2014-15 (2) 2015-16 (3) 2018-19 (4) 2019-20
**Ans.** (1)

❒ **राजस्थान में किस वर्ष राज्य सड़क नीति की घोषणा की गई-** [राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-06.11.2020 (I)]
(1) 1949 में (2) 1994 में (3) 1998 में (4) 2001 में
**Ans.** (2)

***व्याख्या***- *राजस्थान में प्रथम सड़क विकास नीति दिसंबर 1994 में तथा द्वितीय सड़क नीति सितम्बर, 2013 में लागू की गई थी। राजस्थान सड़क नीति घोषित करने वाला देश का प्रथम राज्य है।*

❒ **कौनसा राज्य सड़क सुरक्षा कार्य योजना अपनाने वाला प्रथम राज्य बना-**[CET (10+2) : 24.10.2024 (S-I)]
(1) गुजरात (2) मध्यप्रदेश (3) महाराष्ट्र (4) राजस्थान
**Ans.** (4)

❒ **निम्न में से किन स्टेशनों के बीच दोहरे - स्टैक वाली मालगाड़ी का पहली बार परीक्षण संचालन किया गया-** [राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-07.11.2020 (II)]
(1) रेवाड़ी (हरियाणा) - फिरोजपुर, पंजाब
(2) रेवाड़ी (हरियाणा) - मदार (राजस्थान) सेक्शन
(3) फिरोजपुर, पंजाब - मदार (राजस्थान) सेक्शन
(4) रेवाड़ी (हरियाणा) - भोपाल मध्यप्रदेश
**Ans.** (2)

❒ **राष्ट्रीय राजमार्ग -44 राजस्थान के किस जिले से निकलता है-** [JEN (यांत्रिकी) डिग्री -13.12.2020]
[Constable-2007(III)][JEN (Electric) Deg. - 18.5.2022]
(1) दौसा (2) धौलपुर (3) करौली (4) सवाई माधोपुर
**Ans.** (2)

***व्याख्या*** *- NH- 44 का मार्ग : श्रीनगर (जम्मूकश्मीर) कन्याकुमारी (तमिलनाडु) तक। वर्तमान में राष्ट्रीय राजमार्ग 44 भारत का दूसरा सबसे लम्बा राष्ट्रीय राजमार्ग (कुल लम्बाई-3717.64 किमी., राजस्थान में लम्बाई-27 किमी., (धौलपुर) है।*

❒ **निम्नलिखित में से कौनसा राष्ट्रीय राजमार्ग राजस्थान से होकर गुजरता है-**[राज. पुलिस कॉन्स्टेबल-8.11.20 (II)]
(1) NH 2 (2) NH 3 (3) NH 4 (4) NH 5
**Ans.** (2) ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **जयपुर से आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग-11 का नया नम्बर क्या है?** [पशुधन सहायक परीक्षा - 21.10.2018]
(1) NH 12 (2) NH 18 (3) NH 21 (4) NH 76
**Ans.** (3)

***व्याख्या*** *- NH-11 (New No. : 21) का मार्ग : आगरा-भरतपुर-दौसा-जयपुर।*

❒ **कौनसा राष्ट्रीय राजमार्ग राजस्थान से होकर गुजरता है-** [पशु परिचर-3.12.2024 (S-I & II), 1.12.2024 (S-II)]
(1) NH-73 (2) NH-83 (3) NH -11 (4) NH-40
**Ans.** (3) ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **कौनसा राष्ट्रीय राजमार्ग राजस्थान से होकर नहीं गुजरता है-** [पशु परिचर-1.12.2024 (S-I)]
(1) NH -44 (2) NH-23 (3) NH-11 (4) NH-10
**Ans.** (4)

❒ **निम्न में से कौनसा राष्ट्रीय राजमार्ग राजस्थान से होकर गुजरने वाला प्रमुख राजमार्ग है जो दिल्ली से जयपुर, अजमेर और उदयपुर से होते हुए मुम्बई जाता है-** [पशु परिचर-2.12.2024 (S-II)]
(1) NH-48 (2) NH-9 (3) NH-24 (4) NH-3
**Ans.** (1)

Scanned with OKEN Scanner

❏ राजस्थान राज्य में किस राष्ट्रीय राजमार्ग (NH) की लंबाई सर्वाधिक है-[राज पुलिस कॉन्स्टेबल-07.11.2020 (I)] [कनिष्ठ लेखाकार-2 अगस्त, 2015][प्रयोगशाला सहायक 13.11.16]
(1) NH 8 (2) NH 15 (3) NH 14 (4) NH 3A
Ans. (2)

व्याख्या - पूर्व में राजस्थान का सर्वाधिक लम्बा राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 15 था। किन्तु वर्तमान में NH 52 संगरूर ( पंजाब ) से अंकोला ( कर्नाटक ) तक / सर्वाधिक लम्बा (793.55 किमी. ) राष्ट्रीय राजमार्ग है।

❏ राजस्थान में कौनसा राष्ट्रीय राजमार्ग सर्वाधिक व्यस्त है- [राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-07.11.2020 (I)]
(1) NH 8 (2) NH 15 (3) NH 14 (4) NH 3A
Ans. (1)

व्याख्या - राजस्थान का सबसे व्यस्ततम राजमार्ग - राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 8 (New No.- 48, 58) ( दिल्ली-कोटपूतली बहरोड़ -जयपुर- अजमेर - ब्यावर-भीलवाड़ा-उदयपुर - चित्तौड़गढ़- डूँगरपुर- अहमदाबाद-मुम्बई-चेन्नई ) है।

❏ राष्ट्रीय मार्ग 48, 58 का संबंध पूर्व के किस राष्ट्रीय मार्ग से है? [जेल प्रहरी - 27.10.2018]
(1) NH - 8 (2) NH - 3 (3) NH - 11 (4) NH - 15
Ans. (1) व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❏ दिल्ली-जयपुर-चित्तौड़गढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग का नया नम्बर क्या है? [कनिष्ठ अनुदेशक (इलेक्ट्रीशियन)- 24.3.19]
(1) NH-62 (2) NH -82 (3) NH-48 (4) NH - 68
Ans. (3) व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❏ कौनसा शहर राष्ट्रीय राजमार्ग 8 (NH 8) पर अवस्थित नहीं है? [JEN (Civil) Degree - 18.05.2022]
(1) जयपुर (2) अजमेर (3) ब्यावर (4) पाली
Ans. (4) व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❏ राष्ट्रीय मार्ग ( NH ) संख्या 79, 89 एवं 8 जहाँ मिलते हैं, वह स्थान है? [E.O. Exam, 2007]
(1) जयपुर (2) भीलवाड़ा (3) अजमेर (4) नागौर
Ans. (3)

व्याख्या -सर्वाधिक राजमार्गों की संख्या वाला जिला पूर्व में अजमेर (6) था, मार्च 2025 तक सर्वाधिक राजमार्गों की संख्या वाला जिला-जयपुर (9), ब्यावर (6) तथा उदयपुर (6) है। ज्ञातव्य है कि सलूम्बर और डीग ऐसे जिले हैं जिनमें से कोई राष्ट्रीय राजमार्ग नहीं गुजरता है।

❏ राष्ट्रीय राजमार्ग 76 का नवीन नम्बर क्या है? [जेल प्रहरी - 28.10.2018]
(1) NH 27 (2) NH 48 (3) NH 26 (4) NH 36
Ans. (1)

व्याख्या - NH - 76 (New No. : 27), मार्ग - सिरोही - उदयपुर -चित्तौड़गढ़ -भीलवाड़ा-कोटा- बूँदी - बाराँ

❏ सिरोही-उदयपुर-चित्तौड़-कोटा-बारां राष्ट्रीय राजमार्ग का नया नम्बर क्या है?[कनिष्ठ अनुदेशक- 23.03.2019]
(1) N.H.-21(2) N.H.-27(3) N.H.-62 (4) N.H.-76
Ans. (2) व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❏ निम्नलिखित राष्ट्रीय राजमार्गों में से कौनसा एक राजस्थान में अजमेर को बीकानेर से जोड़ता है? [प्रयोगशाला सहायक-03.02.2019]
(1) NH 89 (2) NH 79 (3) NH 59 (4) NH 69
Ans. (1)

व्याख्या-NH - 89 (New No. : 58) : जिले-सीकर, चूरू, डीडवाना-कुचामन, नागौर, अजमेर, ब्यावर, राजसमंद, उदयपुर

❏ राजस्थान का राष्ट्रीय राजमार्ग जो स्वर्णिम चतुर्भुज योजना तथा पूर्व-पश्चिम कॉरिडोर दोनों का हिस्सा है- [Librarian Garde-III - 13.11.2016][JEN- 21.8.2016]
(1) N.H.-79 (2) N.H.-15 (3) N.H.-8 (4)N.H.-76
Ans. (4)

व्याख्या : • राष्ट्रीय राजमार्ग विकास परियोजना-प्रथम ( स्वर्णिम चतुर्भुज योजना -एन. एच. 48 GQ. ) : यह परियोजना भारत के चार महानगरों दिल्ली, कोलकाता, चैन्नई एवं मुम्बई को 4/6 लेन में चौड़ाईकरण से जोड़ती है। यह परियोजना राजस्थान के 8 जिलों कोटपूतली-बहरोड़, जयपुर-अजमेर -ब्यावर- भीलवाड़ा - चित्तौड़गढ़-उदयपुर-डूँगरपुर से होकर निकलती है।

• राष्ट्रीय राजमार्ग विकास परियोजना-द्वितीय भाग प्रथम ( पूर्व-पश्चिम गलियारा -एन. एच. 27 EW ) : यह परियोजना सिलचर ( आसाम ) से पोरबन्दर ( गुजरात ) को जोड़ने के लिए है। यह परियोजना राजस्थान के सात जिलों सिरोही, उदयपुर, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, बूँदी, कोटा, बारां में से होकर निकलती है।

• राष्ट्रीय राजमार्ग विकास परियोजना-द्वितीय भाग ( उत्तर-दक्षिणी गलियारा -एन. एच. 44 ) : यह परियोजना कश्मीर से कन्याकुमारी ( तमिलनाडु ) को जोड़ने के लिए है। यह राजस्थान के धौलपुर में से होकर निकलती है।

Scanned with OKEN Scanner

❑ **कौनसा नगर पूर्व-पश्चिम कॉरिडोर से जुड़ा नहीं है- (एन एच डी पी-II)** [स्कूल व्याख्याता-03.01.2020]
(1) कोटा (2) उदयपुर (3) जयपुर (4) चित्तौड़गढ़
**Ans.** (3) ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **पूर्व-पश्चिम गलियारा किस जिले से होकर नहीं गुजरता है?** [JEN (Civil) Degree - 18.05.2022] [CET : 08.01.2023 (S-II)]
(1) सिरोही (2) भीलवाड़ा (3) कोटा (4) झालावाड़
**Ans.** (4) ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **उत्तर-दक्षिण गलियारा राजस्थान के किस जिले से गुजरता है?** [III Grade (Urdu) -28.02.2023] [वनरक्षक-13.12.2022(S-II)]
(1) जयपुर (2) दौसा (3) धौलपुर (4) सवाईमाधोपुर
**Ans.** (3) ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **किस परियोजना के अन्तर्गत जयपुर से अजमेर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 8 को 6 लेन में परिवर्तित कर दिया गया है?** [छात्रावास अधीक्षक-30.08.2024]
(1) गुलाबी चतुर्भुज परियोजना (पिंक क्वाड्रीलेटरल प्रोजेक्ट)
(2) जयपुर-अजमेर शहर परियोजना
(3) स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना (गोल्डन क्वाडरीलेटरल प्रोजेक्ट)
(4) प्रधानमंत्री ग्राम सड़क परियोजना
**Ans.** (3) ***व्याख्या –*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **किस जिले में स्थित 'मियां का बाड़ा' रेलवे स्टेशन का नाम महेश नगर हॉल्ट कर दिया गया है?** [वनरक्षक-13.12.2022(S-I)]
(1) बाड़मेर (2) बीकानेर (3) जोधपुर (4) जयपुर
**Ans.** (1)

***व्याख्या-*** *बालोतरा जिले (पूर्व में बाड़मेर) में मियां का बाड़ा रेलवे स्टेशन का नाम महेश नगर हॉल्ट कर दिया गया है।*

❑ **'सुपर नेशनल हाईवे' योजना में सम्मिलित राजस्थान के सड़क मार्ग का नाम है-** [JEN Exam - 21.08.2016]
(1) महाराणा प्रताप मार्ग (2) महाराजा अग्रसेन मार्ग
(3) एक्सप्रेस वे (4) मेगा हाई वे
**Ans.** (3)

***व्याख्या –*** *सुपर नेशनल हाई वे योजना में सम्मिलित राजस्थान के सड़क मार्ग का नाम एक्सप्रेस वे है।*

❑ **राजस्थान की पहली रेल बस सेवा कहाँ प्रारम्भ की गई?** [जेल प्रहरी- 2017][III Grade Teacher Exam-2004]
(1) नागौर-बीकानेर (2) बान्दीकुई- दौसा
(3) जयपुर-उदयपुर (4) मेड़ता रोड से मेड़ता सिटी
**Ans.** (4)

***व्याख्या –*** *राजस्थान की पहली रेल-बस सेवा मेड़ता रोड से मेड़ता सिटी, नागौर में प्रारम्भ की गई।*

❑ **राजस्थान की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस को प्रधानमंत्री ने झण्डी दिखाकर रवाना किया, जो किन स्टेशन के बीच चलती है?** [Assist. Eng.-21.05.23]
(1) उदयपुर-अहमदाबाद (2) कोटा-मुम्बई सीएसएमटी
(3) जयपुर-चंडीगढ़ (4) अजमेर-दिल्ली कैंट
**Ans.** (4)

***व्याख्या –*** *राजस्थान में वन्दे भारत-**पहली :** अजमेर- दिल्ली, **दूसरी :** जोधपुर-साबरमती, **तीसरी :** जयपुर-उदयपुर, **चौथी :** उदयपुर – कोटा – आगरा (2 सितम्बर, 2024 से शुरू)। **प्रस्तावित :** जोधपुर-दिल्ली वाया जयपुर, दिल्ली –बीकानेर, वाया चूरू।*

❑ **25 सितम्बर, 2023 को प्रधानमंत्री ने किन दो स्टेशनों के बीच चलने वाली राजस्थान की तीसरी वंदे भारत ट्रेन को आभासी तौर पर हरी झंडी दिखाई-** [Asst. Professor- 7.1.2024]
(1) उदयपुर से दिल्ली (2) जयपुर से उदयपुर
(3) जोधपुर से उदयपुर (4) जयपुर से जोधपुर
**Ans.** (2) ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **'पैलेस ऑन व्हील्स', एक लक्ज़री पर्यटक ट्रेन कब शुरू की गई थी ?** [कनिष्ठ लेखाकार -11.02.2024]
(1) 26 जनवरी 1982 (2) 26 जनवरी 1980
(3) 26 जनवरी 1986 (4) 26 जनवरी 1979
**Ans.** (1)

❑ **निम्नलिखित में से कौनसा राष्ट्रीय राजमार्ग जयपुर, टोंक, बूँदी, कोटा एवं झालावाड़ से होकर गुजरता है-** [कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (सीरम) - 1574.09.2019]
(1) NH-12 (2) NH-14
(3) NH-15 (4) NH-65
**Ans.** (1)

***व्याख्या-*** *राजमार्ग संख्या 12 (नया नं. 52), लम्बाई : 793.55 किमी.। यह राजमार्ग चूरू, सीकर, जयपुर, टोंक, भीलवाड़ा, बूँदी, कोटा, झालावाड़ में से गुजरता है।*

Scanned with OKEN Scanner

❑ राज्य सड़क सुरक्षा संस्थान राजस्थान के किस शहर में स्थापित किया जायेगा? [वनपाल-06.11.2022(S-II)] (Head Master Exam - 02.09.2018)

(1) जयपुर (2) उदयपुर (3) टोंक (4) भीलवाड़ा

**Ans. (1)**

*व्याख्या-जयपुर जिले में राज्य स्तरीय सड़क सुरक्षा ट्रेनिंग सेंटर खोलने की घोषणा बजट 2018-19 में की गई है।*

❑ राजस्थान में 'मुख्यमंत्री सड़क योजना' किस वर्ष में लागू की गई? [कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (जैविक)- 15.9.19]

(1) 2002 (2) 2005 (3) 2007 (4) 2010

**Ans. (2)**

*व्याख्या - मुख्यमंत्री सड़क योजना 7 अक्टूबर, 2005 को शुरु की गई। इस योजना में राज्य में प्रमुख धार्मिक व पर्यटन स्थलों को जोड़ने हेतु 1000 किमी. सड़कों का निर्माण कराया जा रहा है।*

❑ 'राजस्थान रोड विजन-2025' के अन्तर्गत निम्न में से सड़क विकास का कौन-सा कार्यक्रम सम्मिलित है? [JEN Degree (TSP) Exam - 16.10.2016]

(1) सिंचित कमाण्ड क्षेत्रों में सड़क निर्माण

(2) पर्यटक व धार्मिक स्थलों को सड़कों से जोड़ना

(3) विश्व बैंक एवं नाबार्ड द्वारा निर्मित सड़कें

(4) सीमा सड़क सुरक्षा संगठन द्वारा निर्मित सड़कें

**Ans. (2)**

*व्याख्या -लोक निर्माण विभाग, राजस्थान द्वारा तैयार 'राजस्थान रोड विजन, 2025' के प्रमुख प्रावधान इस प्रकार है-*
*• ग्रामीण सम्पर्क सड़कों व सड़क तंत्र के रख-रखाव को सर्वाधिक प्राथमिकता। • एक्सप्रेस वे के लिए **सात मार्ग** व राष्ट्रीय राजमार्ग तंत्र के विस्तार हेतु **15 मार्ग** तथा 17 शहरों के लिए रिंग रोड चिह्नित किए गए हैं। साथ ही **धार्मिक महत्त्व के 100 स्थानों तथा पर्यटन**, खनन और औद्योगिक क्षेत्रों के लिए 1000 किमी. नए सड़क सम्पर्क विकसित करना जरूरी माना गया है। सभी राज्य राजमार्गों को कम से कम दो लेन का बनाना प्रस्तावित है।*

❑ राजस्थान सरकार की सड़क तंत्र के विकास के लिए दीर्घकालीन योजना है- [JEN (यांत्रिकी/विद्युत)-26.12.2020]

(1) राज. रोडविजन-2020 (2) राज. रोडविजय-2022

(3) राज. रोडविजन-2025 (4) राज. रोडविजय-2027

**Ans. (3)** *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ राजस्थान सड़क विजन (Vision) 2025 के बारे में कथन सही नहीं है- [पशु परिचर-2.12.2024 (S-I)]

(1) इस कार्यक्रम के द्वारा राजस्थान के सभी गाँवों को बाजार अर्थव्यवस्था के अन्तर्गत लाया जाएगा।

(2) पहले 15 वर्षों में सभी गाँवों को सड़कों से जोड़ा जाएगा।

(3) यह राजस्थान के लोक निर्माण विभाग द्वारा तैयार किया गया था।

(4) सड़क विजन 15 वर्षों के बाद अगले 10 वर्षों में फ्लाईओवर और चार लेन वाले राज्य महामार्गों का विकास किया जाएगा।

**Ans. (1)** *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ किस निकाय द्वारा राजस्थान रोड विजन -2025 तैयार किया गया था? [पशु परिचर-2.12.2024 (S-II)]

(1) नीति आयोग (2) भारतीय राजमार्ग प्राधिकरण

(3) लोक निर्माण विभाग (4) योजना आयोग

**Ans. (3)** *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क के सम्बन्ध में भारत में राजस्थान का कौनसा स्थान है? [स्कूल व्याख्याता (Coach)-20.10.2022]

(1) पहला (2) दूसरा (3) तीसरा (4) चौथा

**Ans. (3)**

*व्याख्या-वर्तमान में राष्ट्रीय राजमार्गों की सर्वाधिक लम्बाई वाले राज्य क्रमशः-महाराष्ट्र ( 18462 किमी. ), उत्तरप्रदेश ( 12123 किमी. ), राजस्थान ( 10733 किमी. ) है।*

❑ यदि किसी वाहन का रजिस्ट्रेशन नम्बर RJ-01-C-9909 है, तो वह वाहन किस जिले में पंजीबद्ध होगा? [Police Constable Exam-2007(III)]

(1) अलवर (2) अजमेर (3) बूँदी (4) बाँसवाड़ा

**Ans. (2)**

*व्याख्या -• अजमेर की जिला वाहन संख्या - RJ01*
*• अलवर की जिला वाहन संख्या - RJ02*
*• बाँसवाड़ा की जिला वाहन संख्या - RJ03*
*• बूँदी की जिला वाहन संख्या - RJ08*

❑ राजस्थान राज्य सड़क विकास कोष अधिनियम कब लागू हुआ? [राजस्थान पुलिस कांस्टेबल-02.07.2022]

(1) 2007 (2) 1999 (3) 2000 (4) 2004

**Ans. (4)** *10 अगस्त, 2004 को पारित*

Scanned with OKEN Scanner

❐ **'भारतमाला परियोजना' का संबंध किस क्षेत्र से हैं?** [Lab Assistent (Home Sci.) -30.06.2022]

(1) समुद्री सुरक्षा (2) आदिवासी विकास

(3) महिला सशक्तिकरण (4) परिवहन

**Ans.** (4)

*व्याख्या* – भारतमाला परियोजना की शुरुआत 31 जुलाई, 2015 को हुई। इसके अन्तर्गत सड़क सम्पर्क में सुधार कर त्वरित आवाजाही में वृद्धि हेतु 3 एक्सप्रेस –वे भी निर्मित किये जा रहे हैं–

*1. दिल्ली –मुम्बई ग्रीनफिल्ड एक्सप्रेस वे* – राजस्थान (लम्बाई–373.63 किमी., डीग, अलवर, दौसा, सवाई माधोपुर, टोंक, बूँदी, कोटा) सहित 5 राज्यों से गुजरेगा। 12 फरवरी, 2023 को प्रधानमंत्री ने प्रथम चरण **सोहना (हरियाणा) – दौसा** खण्ड (247 किमी.) का उद्घाटन किया। परियोजना के जून, 2024 तक पूरा होने की उम्मीद है।

*2. अमृतसर – जामनगर एक्सप्रेस वे* – इसके तहत संगरिया (हनुमानगढ़)–गंगानगर, बीकानेर, फलौदी, जोधपुर, बालोतरा (पूर्व बाड़मेर), जालौर, संतालपुर एक्सप्रेस निर्माणाधीन है। **देश का पहला एक्सप्रेस वे है, जो तीन रिफाइनरियों (अमृतसर, पचपदरा, जामनगर) को जोड़ता है।**

*3. हनुमानगढ़–किशनगढ़– अजमेर व्यावसायिक गलियारा*

ज्ञातव्य है कि राष्ट्रीय राजमार्ग 968 एवं 70 का निर्माण भारतमाला परियोजना के तहत हुआ है। राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना तृतीय भारतमाला परियोजना में समाहित (2017–18) कर लिया गया है।

❐ **हाल ही में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली–मुंबई एक्सप्रेस हाईवे की आधारशिला रखी है, जिसका 247 किलोमीटर खंड राजस्थान में होगा, वह खंड किस स्थान पर स्थित है?** [Asst. Town Planner- 16.06.2023]

(1) दिल्ली–सीकर–जयपुर (2) दिल्ली–दौसा–लालसोट

(3) दिल्ली–अलवर–विराटनगर (4) दिल्ली–सीकर–अजमेर

**Ans.** (2) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ **संगरिया-सांचौर सांथलपुर ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे जिससे होकर नहीं गुजरता है, वह है–** [III Grade (SST) -26.02.2023]

(1) श्रीगंगानगर (2) बीकानेर (3) जैसलमेर (4) बाड़मेर

**Ans.** (3) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ **राजस्थान ई-व्हीकल पॉलिसी 2022 में अपने प्रारंभ से कितने समय तक अस्तित्व में रहेगी?** [II Grade (Sans.) -12.02.2023 (S-II)]

(1) 3 वर्ष (2) 5 वर्ष (3) 7 वर्ष (4) 10 वर्ष

**Ans.** (2)

*व्याख्या* –राजस्थान इलेक्ट्रिकल व्हीकल नीति 2022 (REVP) – राज्य में इलैक्ट्रिक वाहनों के प्रयोग को प्रोत्साहित किए जाने हेतु इस नीति की अधिसूचना 31 अगस्त, 2022 को जारी की गई। मुख्यमंत्री द्वारा बजट 2019-20 में ई-व्हीकल नीति लाने की घोषणा की गई थी। इस नीति के अंत तक पंजीकृत होने वाले श्रेणीवार नए वाहनों में से 15% दुपहिया इलेक्ट्रिक वाहनों, 30% तिपहिया इलैक्ट्रिक वाहनों तथा 5% चौपहिया इलैक्ट्रिक वाहनों के पंजीयन का लक्ष्य रखा गया है। 1 सितम्बर, 2022 से 5 वर्ष के लिए यह नीति निम्नांकित उद्देश्यों के साथ प्रारम्भ की गई–1. रिप्स 2019 के तहत् उचित प्रोत्साहन देकर राज्य में इलैक्ट्रिक वाहनों और बैट्रियों के निर्माण को बढ़ावा देना। 2. व्यक्तिगत गतिशीलता और सार्वजनिक परिवहन दोनों क्षेत्रों में ईवी को अपनाने का समर्थन करना।

❐ **राजस्थान विद्युत वाहन नीति (आरईवीपी) – 2022 के संदर्भ में निम्न में से कौनसा विकल्प गलत है?** [II Grade (Sans..) -12.2.2023 (S-I)]

(1) राजस्थान में पंजीकृत वाहनों की संख्या पिछले दशक में 125% बढ़कर मार्च, 2021 के अंत में 2.02 करोड़ तक पहुँच गई है।

(2) 2022 तक, प्रत्येक 1000 गैर-विद्युत वाहनों पर 25 विद्युत वाहनों (ईवी) बेचे गए थे।

(3) सरकार ने आरईवीपी-2022 के माध्यम से राज्य में इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने, पर्याप्त ईवी चार्जिंग बुनियादी ढाँचे के विकास को सुगम बनाने और कुशल जनशक्ति निर्माण का निर्णय लिया है।

(4) आरईवीपी-2022, 01.01.2023 से प्रभावी होगी।

**Ans.** (4) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ **किशनगढ़ हवाई अड्डे का उद्घाटन कब किया गया?** [कनिष्ठ अनुदेशक (कोपा) परीक्षा- 20.03.2019] [JEN (Civil) Diploma - 06.12.2020, 18.05.2022] [III Grade (Urdu) -28.02.2023]

(1) अक्टूबर, 2017 (2) अक्टूबर, 2018

(3) दिसम्बर, 2017 (4) दिसम्बर, 2018

**Ans.** (1)

*व्याख्या – किशनगढ़ एयरपोर्ट शुरू–11 अक्टूबर, 2017 को किशनगढ़ एयरपोर्ट का उद्घाटन किया। जयपुर, जोधपुर, कोटा, बीकानेर, जैसलमेर, उदयपुर के बाद हवाई सेवा से जुड़ने वाला यह सातवां शहर बन गया।*

Scanned with OKEN Scanner

❑ भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की उड़ान प्रशिक्षण संगठन नीति के तहत......में एक नई उड़ान प्रशिक्षण अकादमी खोली जानी है। [वनरक्षक-11.12.2022(S-I)]
(1) कोलाना, झालावाड़ (2) नाल, बीकानेर
(3) किशनगढ़, अजमेर (4) लालगढ़, श्री गंगानगर
Ans. (3)

❑ राजस्थान में सबसे लम्बी जल परिवहन सुरंग है?
[RPSC III Grade Teacher Exam-2006]
(1) मानसी वाकल सुरंग
(2) गढीसर अमर सागर सुरंग
(3) विजयसागर विजान बाँध सुरंग
(4) कायलाना उम्मेद सागर सुरंग
Ans. (1)

*व्याख्या - मानसी वाकल बाँध से टनल के इनलेट एक एम ओ यू के तहत कार्य हिन्दुस्तान जिंक द्वारा ही बनवाया गया है। <u>लगभग 4.6 किमी. लम्बी यह सुरंग देश की सबसे बड़ी जल सुरंग है</u>। यह सुरंग 7 जून, 2006 के आर-पार हुइ। इसमें से उदयपुर को 24 मिलियन लीटर (70%) पेयजल व शेष 30% हिन्दुस्तान जिंक को मिलेगा। अरावली की पहाड़ियों में यह दूसरी सुरंग है जिससे उदयपुर शहर को जलापूर्ति की जाएगी। इससे पहले 1973 में देवास परियोजना में 2.1 किमी. लम्बी सुरंग बनाई गई थी।*

❑ उत्तर - पश्चिम रेलवे जोन का गठन कब हुआ?
[जेल प्रहरी परीक्षा 27-10-2018, Shift -I]
(1) 2002 (2) 2001 (3) 2003 (4) 2004
Ans. (1)

*व्याख्या - राजस्थान में 14 जून, 2002 को स्थापित (1 अक्टूबर, 2002 को कार्य प्रारम्भ) उत्तर-पश्चिम जोन का मुख्यालय जयपुर में स्थित है। राजस्थान का अधिकांश भाग इसी रेलवे जोन में आता है।*
*उल्लेखनीय है कि राजस्थान में 'पश्चिमी मध्य रेलवे जोन' (इसमें कोटा मण्डल आता है) भी कार्यरत है।*

❑ उत्तर-पश्चिम रेलवे मण्डल का मुख्यालय स्थित है?
[वनपाल-06.11.2022(S-I)]
[REET (Level – II, S-II) –24.07.2022]
(1) जयपुर (2) अजमेर (3) कोटा (4) जोधपुर
Ans. (1) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ राजस्थान का रेल नेटवर्क किस रेलवे जोन के अन्तर्गत आता है- [पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड-III -19.9.2020]
[I Grade Teacher -11.10.2022][पुलिस कॉन्स्टेबल-8.11.2020]
(1) उत्तर रेलवे (2) उत्तर पश्चिम रेलवे
(3) मध्य रेलवे (4) पश्चिम रेलवे
Ans. (2) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ राजस्थान के प्रथम रेलमार्ग को किस वर्ष खोला गया था? [क. वैज्ञानिक सहायक (अस्त्रक्षेप) 21.9.2019]
(1) 1874 (2) 1853 (3) 1893 (4) 1899
Ans. (1)

*व्याख्या-राजस्थान में प्रथम रेल की शुरुआत जयपुर रियासत में आगरा फोर्ट से बाँदीकुई के बीच अप्रैल, 1874 में हुई।*

❑ 1874 में, आगरा किला (उत्तर प्रदेश) और राजस्थान के निम्नलिखित स्टेशनों में से किस स्टेशन के बीच पहली ट्रेन चलती थी- [अन्वेषक परीक्षा - 27.12.2020]
[राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-08.11.2020 (I)]
(1) बांदीकुई (दौसा) (2) जयपुर (3) जोधपुर (4) कोटा
Ans. (1) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ डूँगरपुर से शुरू होने वाली रेलवे लाइन राजस्थान के दक्षिण भाग को किस रेलवे स्टेशन से जोड़ देगी? [RPSC PTI III Grade Exam. 16 May, 2012]
(1) कोटा (2) वडोदरा (बड़ौदा) (3) रतलाम (4) इंदौर
Ans. (3)

*व्याख्या - 3 जून 2011 को यूपीए अध्यक्ष **सोनिया गाँधी** ने राजस्थान के दक्षिणी क्षेत्र के लिए **डूँगरपुर-बाँसवाड़ा-रतलाम रेल लाइन** का शिलान्यास किया। वर्तमान में इसका कार्य बन्द है। फरवरी 2024 में इसके लिए 150 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है।*
*ध्यातव्य है कि वर्तमान में <u>बाँसवाड़ा एवं प्रतापगढ ही एकमात्र ऐसे जिले हैं जहाँ कोई रेलमार्ग नहीं है</u>।*

❑ निम्न में से राजस्थान के किस जिले में रेलवे की सुविधा नहीं है-[कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (प्रलेख) 22.9.2019]
(1) सिरोही (2) राजसमंद
(3) बाँसवाड़ा (4) हनुमानगढ़
Ans. (3) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ पाकिस्तान से आने वाली थार एक्सप्रेस ट्रेन का राजस्थान में प्रथम स्टेशन कहाँ है? [P. Cons.- 2013]
(1) गडरा रोड (2) मुनाबाव
(3) खाजूवाला (4) बालोतरा
Ans. (2)

Scanned with OKEN Scanner

*व्याख्या - भारत (स्टेशन मुनाबाव)-पाक (स्टेशन खोखरापार) के मध्य रेल सेवा को थार एक्सप्रेस का नाम दिया गया। खोखरापार से मीरपुर खास 131 किमी. है जो इस ट्रेन का आखिरी स्टेशन होगा। जोधपुर रियासत के महाराजा ने बाड़मेर से सादी पल्ली तक का रेलमार्ग बनवाया।*

❒ मुनाबाव होकर पाकिस्तान जाने वाली रेलगाड़ी का नाम क्या है? [Police Constable Exam-2007(I)]

(1) सदा-ए-सरहद (2) मित्रता एक्सप्रेस
(3) थार एक्सप्रेस (4) समझौता एक्सप्रेस

**Ans.** (3) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ थार एक्सप्रेस मुनाबाव से ...के मध्य चलती है। [कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (विष) 14.9.2019]

(1) अट्टारी (2) खोखरापार (3) करतारपुर (4) कराची

**Ans.** (2) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ रेलवे की छोटी लाइन (नेरो गेज) राजस्थान के किस जिले में है? [Police Constable Exam-2006-07]

(1) अलवर (2) धौलपुर (3) डूँगरपुर (4) उदयपुर

**Ans.** (2)

*व्याख्या - राजस्थान में छोटी लाइन (नैरोगेज) केवल धौलपुर जिले में हैं। एक लाइन धौलपुर से आगरा (U.P.) जिले के ताँतपुर तक तथा दूसरी धौलपुर से सरमथुरा तक है। इसे 1908 में धौलपुर के राजा रामसिंह के काल में प्रारंभ किया गया। आमान परिवर्तन के कारण अप्रैल 2023 से इस रेलवे लाइन को बन्द कर दिया गया है।*

❒ राजस्थान का पश्चिमी क्षेत्रीय रेलवे प्रशिक्षण स्कूल कहाँ स्थित है- [JEN (Mechanical) Degree - 20.05.2022] [II Grade T. (Science) Ex., 2010]

(1) बीकानेर में (2) जयपुर में
(3) जोधपुर में (4) उदयपुर में

**Ans.** (4)

*व्याख्या -रेलवे ट्रेनिंग स्कूल (पश्चिमी रेलवे क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र) : उदयपुर स्थित इस स्कूल का शिलान्यास महाराणा भूपालसिंह ने 25 मार्च, 1955 को किया। यह प्रशिक्षण केन्द्र 9 अक्टूबर, 1965 को स्थापित किया गया। यह पश्चिम रेलवे के कर्मचारियों के अलावा अखिल भारतीय स्तर के कर्मचारियों एवं विदेशी कर्मचारियों को भी प्रशिक्षण देता है। यहाँ भारत का सबसे बड़ा रेलवे मॉडल कक्ष स्थित है।*

❒ जयपुर में मेट्रो रेल सेवा कब से प्रारम्भ हुई- [वनरक्षक-12.12.2022(S-I)][राज.पुलिस कॉन्स्टेबल-07.11.2020 (I)] [पटवार - 2011] [Industry Inspector- 24.06.2018]

(1) 2010 में (2) 2013 में (3) 2015 में (4) 2018 में

**Ans.** (3)

*व्याख्या-राजस्थान की प्रथम और देश की छठी मेट्रो रेल प्रणाली जयपुर मेट्रो रेल परियोजना का पंजीकरण दिनांक 1 जनवरी, 2010 को कम्पनी अधिनियम 1956 के अंतर्गत किया गया। जयपुर शहर में मेट्रो रेल्वेज एक्ट 14 जनवरी, 2011 से लागू कर दिया गया है। जयपुर मेट्रो प्रथम चरण (A) का संचालन मानसरोवर से चाँदपोल तक (9.25 किमी.) 3 जून, 2015 से प्रारम्भ कर दिया गया है। प्रथम चरण का शिलान्यास 24 फरवरी, 2011 को किया गया। प्रथम चरण (B) के तहत चाँदपोल से बड़ी चौपड़ तक चलाने हेतु विस्तार किया गया है। जयपुर मेट्रो रेल प्रोजेक्ट एशियन विकास बैंक (ए.डी.बी.) द्वारा सहायता प्राप्त है। प्रथम चरण (C) के तहत बड़ी चौपड़ से ट्रांसपोर्ट नगर तक, प्रथम चरण (D) के तहत मानसरोवर से 200 फीट बाईपास अजमेर रोड व फेज-2 सीतापुरा से अम्बाबाड़ी तक विस्तारित।*

❒ जयपुर मेट्रो रेल प्रोजेक्ट का वित्त पोषण किया गया है- [उद्योग प्रसार अधिकारी-22.08.2018]

(1) स्विस विकास प्राधिकरण (2) एशियन विकास बैंक
(3) जापानी सरकार (4) विश्व बैंक

**Ans.** (2) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ जयपुर मेट्रो रेल प्रणाली भारत की ऐसी......... प्रणाली है- [JEN (यांत्रिकी) डिप्लोमा -13.12.2020]

(1) छठी (2) सातवीं (3) आठवीं (4) पाँचवीं

**Ans.** (1) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ जयपुर मैट्रो रेल परियोजना का प्रथम चरण, चरण-1A शुरू हुआ था- [पशु परिचर-1.12.2024 (S-I)] [RPSC Jr. Acc.-2 अगस्त,2015]

(1) मानसरोवर से चाँदपोल (2) मानसरोवर से जयपुर
(3) मानसरोवर से बड़ी चौपड़ (4) चाँदपोल से बड़ी चौपड़

**Ans.** (1) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ मार्च, 2020 तक राजस्थान में रेलमार्गों की कुल लम्बाई थी? [JEN (Civil) Diploma - 18.05.2022]

(1) 5998KM (2) 5800KM (3) 5837KM (4) 5737KM

**Ans.** (1)

Scanned with OKEN Scanner

*व्याख्या* - मार्च, 2024 के अंत तक राजस्थान में रेलमार्गों की कुल लम्बाई 6135 किमी. हो गई जो भारत के रेलमार्गों की कुल लम्बाई 69181 किमी. का 8.86% है। ज्ञातव्य है कि रेलमार्गों की लम्बाई की दृष्टि से राजस्थान का उत्तरप्रदेश के बाद दूसरा स्थान है।

**भारतीय रेलवे, वार्षिक पुस्तक 2019-20 के अनुसार, मार्च, 2020 के अंत तक भारतीय रेलमार्ग की कुल लम्बाई राजस्थान राज्य का हिस्सा था-** [Asst. Statistical Officer-08.07.2022]

(1) 6.83% (2) 7.83% (3) 8.83% (4) 10.83%

Ans. (3) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

**सालासर सुपर फास्ट एक्सप्रेस ट्रेन राजस्थान के .. .. शहर से आरम्भ होती है-** [कनिष्ठ अनुदेशक -4.1.2025]

(1) बाड़मेर (2) जैसलमेर (3) बीकानेर (4) जोधपुर

Ans. (4)

**दिल्ली-बड़ोदरा ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे....जिले से नहीं गुजरता है।** [III Grade (Maths-Science) -25.02.2023]

(1) अलवर (2) दौसा (3) जयपुर (4) कोटा

Ans. (3)

**दिल्ली-बड़ोदरा ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे की लम्बाई राजस्थान में कितनी है-** [Asst. Professor- 7.1.2024]

(1) 342किमी. (2) 374किमी. (3) 408किमी. (4) 456 किमी.

Ans. (2)

**निम्न स्थान पर हवाई अड्डा नहीं है?** [Police Constable Exam-2007(I)]

(1) जयपुर (2) कोटा (3) जैसलमेर (4) जालौर

Ans. (4)

*व्याख्या - <u>राजस्थान में स्थित नागरिक हवाई अड्डे</u>-*
- *साँगानेर हवाई अड्डा- साँगानेर (जयपुर)*
- *महाराणा प्रताप हवाई अड्डा - डबोक (उदयपुर)*
- *कोटा हवाई अड्डा - कोटा*
- *रातानाड़ा हवाई अड्डा- जोधपुर*
- *किशनगढ़ हवाई अड्डा -अजमेर*

*<u>राजस्थान में स्थित सैन्य हवाई अड्डे</u>-*
- *नाल हवाई अड्डा - बीकानेर*
- *उत्तर तलाई वायुसेना हवाई अड्डा - बाड़मेर*
- *सूरतगढ़ हवाई अड्डा - सूरतगढ़ (गंगानगर)*
- *जैसलमेर हवाई अड्डा- जैसलमेर*

*नोट : राजस्थान का पहला ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट शंभुपुरा, कोटा में स्थापित किया जा रहा है।*

❒ **'रातानाड़ा हवाईअड्डा' कहाँ स्थित है-** [CET : 08.01.2023 (S-I)][पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड-III -19.09.2020]

(1) जयपुर (2) उदयपुर (3) जोधपुर (4) बीकानेर

Ans. (3) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **सही सुमेलित नहीं है-** [JEN (विद्युत) डिप्लोमा -29.11.2020]

(1) महाराणा प्रताप हवाई अड्डा - उदयपुर
(2) नाल हवाई अड्डा - बीकानेर
(3) सूरतगढ़ हवाई अड्डा - जोधपुर
(4) कोटा हवाई अड्डा - कोटा

Ans. (3) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **'डबोक' हवाईअड्डा अवस्थित है-** [कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (भौतिक) परीक्षा- 21.09.2019] [वनपाल-06.11.2022(S-II)] [अन्वेषक - 27.12.2020] [कनिष्ठ अनुदेशक -4.1.2025]

(1) अजमेर (2) चित्तौड़गढ़ (3) उदयपुर (4) जयपुर

Ans. (3) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **'उत्तर तलाई सिविल एयरपोर्ट' स्थित है?** [Lab Assistent (Science) -29.06.2022]

(1) जालौर (2) बारां (3) जैसलमेर (4) बाड़मेर

Ans. (4) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **हवाई अड्डा, जो भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण द्वारा संचालित नहीं है?** [III Grade (Sanskrit) -27.2.2023]

(1) जयपुर (2) डबोक (3) किशनगढ़ (4) जोधपुर

Ans. (4)

❒ **राजस्थान के जयपुर में स्थित प्रथम श्रेणी हवाई अड्डा जहाँ से घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय उड़ाने संचालित होती हैं, कहलाता है-** [पशु परिचर-2.12.2024 (S-I)]

(1) राणा सांगा हवाई अड्डा (2) सांगानेर सवाई अड्डा
(3) डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर हवाई अड्डा
(4) राणा प्रताप हवाई अड्डा

Ans. (2)

*व्याख्या -केन्द्र सरकार द्वारा **सांगानेर हवाई अड्डे** को 29 दिसम्बर, 2005 को अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का दर्जा दिया गया तथा **अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का दर्जा** देने संबंधी अधिसूचना फरवरी, 2006 में जारी की गई। यह राज्य का पहला व देश का 14वाँ अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा है जो विमान विकास प्राधिकरण के अधीन है। निजी समूह द्वारा संचालित एकमात्र (हाल ही में एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट का नियंत्रण 'अडानी समूह' को लीज पर दिया है) एयरपोर्ट है।*

Scanned with OKEN Scanner